## खबर संक्षेप

### धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर लगाए गए परिवाद को न्यायालय ने किया निरस्त

**अधिवक्ता संदीप तिवारी ने दी कड़ी प्रतिक्रिया**

**शहडोल।** अधिवक्ता संदीप कुमार तिवारी द्वारा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के विरुद्ध दायर परिवाद को न्यायालय ने 11 अक्टूबर को निरस्त कर दिया है। इस निर्णय के बाद अधिवक्ता तिवारी ने कहा कि मेरे परिवाद को बिना साक्ष्यों पर विचार किए खारिज कर दिया गया है, जबकि धीरेंद्र शास्त्री की ओर से न तो कोई उत्तर प्रस्तुत किया गया और न ही मेरे साक्ष्यों का खंडन किया गया। संदीप तिवारी ने कहा कि यदि धीरेंद्र शास्त्री का यह कथन सही माना जाए कि जो महाकुंभ में नहीं आएगा, वह देशद्रोही कहलाएगा, तो यह प्रश्न उठता है कि क्या हमारी सीमाओं पर तैनात सैनिक, डॉक्टर, पुलिसकर्मी या अन्य आवश्यक सेवाओं में कार्यरत नागरिक जो अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आयोजन में नहीं पहुंच सके क्या वे भी देशद्रोही हैं? उन्होंने कहा कि देशभक्ति किसी धार्मिक आयोजन में उपस्थिति से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा से सिद्ध होती है। भारत एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहां हर व्यक्ति को अपने विचार और आस्था की स्वतंत्रता प्राप्त है। किसी को केवल इसलिए देशद्रोही कहना कि वह किसी धार्मिक आयोजन में शामिल नहीं हुआ, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। अधिवक्ता तिवारी ने यह भी जोड़ा कि वे न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं, परंतु संविधान के अनुरूप अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए आगे भी अपनी कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे।यह प्रकरण अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक मान्यताओं और देशभक्ति की परिभाषा पर एक नई बहस छेड़ गया है।

### भारत को जानों का फाइनल राउंड आयोजित

**कनिष्ठ में सतगुरु और वरिष्ठ में ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम बनी विजेता**

**शहडोल।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा द्वारा भारत को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का फाइनल राउंड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रश्न मंच प्रारूप में आयोजित की गई थी, जिसमें पांच विद्यालयों की 9 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

वरिष्ठ वर्ग में ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल पटेल नगर के प्रतिभागी ऋषभ सिंह एवं ऐश्वर्य सिंह बघेल प्रथम, शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रिंस राज बंजारा एवं सुजीत कुमार साहू द्वितीय, भारत माता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिफ्तान खान एवं नितिन पटेल तृतीय रहे।

कनिष्ठ वर्ग में सतगुरु पब्लिक स्कूल के प्रतिभागी विवेक पटेल एवं एकलव्य कोल प्रथम, ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम पटेल नगर के प्रियांशु कोल एवं शिवेंद्र साहू द्वितीय रहे। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

क्विज का संचालन हिमांशी गुप्ता ने किया जबकि तकनीकी पक्ष आजरव्र जौहरी ने सम्हाला। समारोह का संचालन रविंद्र गुप्ता ने किया आभार ज्ञापन कार्यक्रम की संयोजिका भारती गुप्ता ने किया । कार्यक्रम में सुशील सिंघल, सचिव विजय दुबे, अजय शर्मा, उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता एवं श्रीजा गुप्ता, एसएस जौहरी ने पुरस्कार वितरण किया।

प्रतियोगिता की विजेता टीमें आगामी 2 नवंबर को आयोजित होने वाली प्रांतीय प्रतियोगिता में अपनी शाखा का प्रतिनिधित्व करेगी। इस वर्ष प्रांतीय प्रतियोगिता का आयोजन शहडोल में स्वामी विवेकानंद शाखा द्वारा ही किया जाएगा।

**डीजीएमएस नियमों की खुली धज्जियां**

# अमलाई खदान में मौत का दलदल











अनिल कुशवाहा,मृतक

**ठेकेदार कंपनी की लापरवाही पर एसईसीएल प्रबंधन मौन**

**शहडोल।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की अमलाई ओपन कास्ट खदान (ओसीएम) में शनिवार को हुआ हादसा अब एक सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की नाकामी और खनन सुरक्षा नियमों की बेरहमी से हत्या का मामला बन गया है। मिट्टी भराई के दौरान हुई अचानक धंसान में एक बुलडोजर, एक टीपर और उसका चालक दलदलनुमा खाई में समा गया। हादसे को 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक टीपर चालक अनिल कुशवाहा का कोई सुराग नहीं मिल सका है। प्रशासन अब वाराणसी से आ रही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) टीम का इंतजार कर रहा है। यह हादसा धनपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमलाई ओसीएम में हुआ, जहां आर.के.टी.सी. कंपनी को ओवर बर्डन (ऊपरी मिट्टी) हटाने और पानी से भरी खाई को पाटने का ठेका मिला था। भारी बारिश के बीच मिट्टी डालने के कार्य के दौरान अचानक ढलान खिसकने से चार कर्मचारी मलबे में दब गए। दो ने किसी तरह भागकर जान बचाई, जबकि शिफ्ट प्रभारी मुनीम यादव घंटों तक मिट्टी में दबे रहे। स्थानीय नागरिकों, पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला, मगर ऑपरेटर अब भी लापता है। हादसे वाली जगह अब दलदल में तब्दील हो चुकी है — जहां भारी मशीनें तक निगल गईं।

### कंपनी और प्रशासन के बयानों में विरोधाभास

अब इस पूरे मामले में ठेकेदार कंपनी, एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन के बयानों में खुला विरोधाभास सामने आया है। आर.के.टी.सी. कंपनी का कहना है कि यह हादसा मिट्टी खिसकने से नहीं, बल्कि पुराने डंप प्लेटफॉर्म के धंसने से हुआ है और वे केवल रास्ता (रैंप) तैयार कर रहे थे। वहीं शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और एसईसीएल के महाप्रबंधक बी.के. जेना का दावा है कि मिट्टी शिफ्टिंग के दौरान स्लाइडिंग हुई, जिससे मशीनें और चालक पानी में समा गए। दोनों पक्षों के अलग-अलग बयान यह साफ़ कर देते हैं कि सच कहीं दबाया जा रहा है और जिम्मेदारी से बचने का खेल चल रहा है।

### डीजीएमएस के नियमों का खुला उल्लंघन

खनन सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) की कोल माइंस रेग्युलेशन 2017 और टेक्निकल सर्कुलर 02/2024 में स्पष्ट निर्देश हैं कि पानी भरे गड्ढों या ढलान वाले स्थलों पर बारिश के दौरान किसी भी प्रकार का खनन या मिट्टी डालने का कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसा करने से ढलान धंसने, मिट्टी सरकने और जान-माल की हानि का गंभीर खतरा होता है। अमलाई ओसीएम में यही सब हुआ। बारिश जारी थी, जलभराव था, फिर भी मशीनें उतारी गईं और ओवर बर्डन डालने का काम चलता रहा। यह सीधे-सीधे डीजीएमएस के सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है। स्थानीय कर्मचारियों ने भी आरोप लगाया है कि कंपनी कई दिनों से बारिश के बीच खतरनाक जगहों पर काम करने के आदेश दे रही थी। मिट्टी का प्लेटफॉर्म पहले से कमजोर था, नीचे पानी भरा था, फिर भी लक्ष्य पूरा करने की होड़ में जोखिम भरे काम कराए गए। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने बार-बार खतरे की चेतावनी दी, लेकिन प्रबंधन ने अनसुनी कर दी।

### चार अरब का ठेका, सुरक्षा जीरो

आर.के.टी.सी. कंपनी को अमलाई ओसीएम में उत्खनन और ओवर बर्डन शिफ्टिंग का लगभग चार अरब रुपये का ठेका मिला है। ठेका रकम तो करोड़ों में है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था शून्य पर टिकी हुई है। डीजीएमएस गाइडलाइन के अनुसार खदान में सेफ्टी सुपरवाइजर, स्लोप इवैल्यूएशन टीम और प्री-ऑपरेशन सेफ्टी चेकलिस्ट अनिवार्य है। मगर अमलाई ओसीएम में यह सब कागज़ों में सिमट कर रह गया। यह भी सवाल है कि एसईसीएल के स्थानीय सुरक्षा अधिकारी और क्षेत्रीय खनन प्रबंधन कहां थे, जब कंपनी ने जलभराव वाले खाईनुमा क्षेत्र में मिट्टी भरने की अनुमति दी? क्या किसी ने साइट का निरीक्षण किया था? अगर किया, तो रिपोर्ट क्यों सार्वजनिक नहीं की गई?

### प्रशासनिक मौन और मजदूरों का आक्रोश

हादसे की खबर मिलते ही कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, एसईसीएल के महाप्रबंधक बी.के. जेना और कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, गुड्डु सिंह चौहान मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने राहत कार्य शुरू करवाया, लेकिन 24 घंटे बाद भी रेस्क्यू टीम को कोई सफलता नहीं मिली। ऑपरेटर अनिल कुशवाहा के परिजन 200 किलोमीटर दूर से शहडोल पहुंचे हैं। खदान के बाहर रोती-बिलखती भीड़ यह सवाल पूछ रही है कि आखिर कब तक मजदूरों की जानें ठेकेदारों की लापरवाही में यूं ही कुर्बान होती रहेंगी।

### जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते अधिकारी

अमलाई ही नहीं, एसईसीएल के अधीन आने वाली कई खुली खदानों में बरसात के मौसम में काम बंद करने के नियम हैं, परंतु ठेकेदार कंपनियों को टारगेट के नाम पर काम जारी रखने दिया जाता है। डीजीएमएस के नियमानुसार, कोयला निकालने के बाद गड्ढे को समतल कर पुनरुद्धार (रिक्लेमेशन) किया जाना चाहिए ताकि उसमें पानी न भरे और हादसे की स्थिति न बने। मगर अमलाई में यही खाई मौत का दलदल बन गई है। यह स्पष्ट है कि एसईसीएल प्रबंधन की निगरानी लचर है, ठेकेदार कंपनी मनमानी पर उतारू है और प्रशासन केवल हादसे के बाद सक्रिय होता है। सवाल यह है कि क्या अब भी किसी पर आपराधिक लापरवाही का मुकदमा दर्ज होगा या फिर इस मजदूर की मौत भी जांच जारी है...कह कर जांच फाईलों के हवाले कर दी जाएगी?

### साफ सवाल — जवाब कौन देगा?

बारिश के दौरान काम करने की अनुमति किसने दी?

क्या साइट की सुरक्षा जांच रिपोर्ट मौजूद थी?

डीजीएमएस के दिशा-निर्देशों का पालन क्यों नहीं हुआ?

और सबसे अहम — मजदूरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है?

इस हादसे ने एसईसीएल की ठेका प्रणाली, डीजीएमएस के अनुपालन और प्रशासन की संवेदनशीलता — तीनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अमलाई की यह मिट्टी अब केवल खदान नहीं, सुरक्षा नियमों के दफन होने की गवाही बन चुकी है।

### इनका कहना है...



पानी नहीं गिर रहा था, 20 साल पहले का डम्प था, इस कारण वहां की मिट्टी धंस रही है, पम्प बैठाना था, अंडर कट था, लापरवाही किसी की नहीं है, यह हादसा है। राहत राशि जो नियम के अनुसार दी जायेगी।

**मोहसन थॉमस**
**स्थानीय प्रबंधक**
**आर.के.टी.एस.**



कालरी प्रबंधन द्वारा लापरवाही की जा रही है, बगैर सुरक्षा मानको के कार्य कराया जा रहा है, अनिल कुशवाहा की मृत्यु हुई है, मृतक परिजन आये हुए हैं, उन्हें 01 करोड़ की राहत राशि एवं एक व्यक्ति को स्थाई नौकरी दी जाये। अगर मांग पूरी नहीं हुई तो, कांग्रेस आंदोलन करेगी।

**अजय अवस्थी**
**कांग्रेस जिलाध्यक्ष**
**शहडोल**



एनडीआरएफ की टीम लगी हुई है, मिट्टी फिलिंग कर रहे थे, पूर्व की भी फिलिंग थी, वह बैठ गई, हमारा प्रयास है कि पहले लडक़े को रिकवर करें, मृतक के परिजन को कंपनी की ओर से 40 लाख की सहायता है।

**डॉ. केदार सिंह**
**कलेक्टर**
**शहडोल**



मिट्टी सरकने की वजह से मशीन के साथ व्यक्ति पानी में समा गया है, यहां की एनडीआरएफ सक्षम नहीं है, बाहर से टीम आ रही है, अभी जल्दबाजी में कुछ कहना सही नहीं है, पहली प्राथमिकता है, जो डूबा है, उसे बाहर निकाला जाये।

**रामजी श्रीवास्तव**
**पुलिस अधीक्षक**
**शहडोल**



मेरा छोटा भाई काम करता था, अत्यधिक बारिश होने के बावजूद उन्हें मिट्टी डंपिंग के कार्य में उतार दिया, जिससे ट्रक पलट गया, 24 घंटे से ज्यादा हो गये, लेकिन रेस्क्यू टीम नहीं आई, कोई सुनने वाला नहीं है। यह प्रशासन और कंपनी की लापवाही है, जो हत्या की श्रेणी में आता है।

**परिजन**
मृतक अनिल कुशवाहा का भाई

# विजयदशमी पर शहडोल में संघ का भव्य पथ संचलन

### 1000 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने दिया अनुशासन और समरसता का संदेश

**शहडोल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयदशमी पर्व पर शनिवार को नगर में संघ का भव्य वृहत पथ संचलन आयोजित हुआ। तीन उपनगरों की 14 बस्तियों से आए लगभग 1000 गणवेशधारी स्वयंसेवक दोपहर 3 बजे रेलवे ग्राउंड में एकत्र हुए, जहां से अनुशासित पंक्तियों में पथ संचलन प्रारंभ हुआ। संचलन का मार्ग रेलवे स्टेशन, दरभंगा चौक, बुढ़ार चौक, गांधी चौक, पुराना गांधी चौक होते हुए पुनः रेलवे ग्राउंड पर समाप्त हुआ।

नगर में जगह-जगह नागरिकों ने स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। विशेष रूप से दरभंगा चौक, बुढ़ार चौक, सूर्या






होटल के पास और न्यू गांधी चौक पर संघजनों का स्वागत हुआ, वहीं शेर चौक और पुराने गांधी चौक पर मुस्लिम समाज एवं वक्फ बोर्ड की ओर से पुष्पवर्षा कर भाईचारे का संदेश दिया गया। रेलवे ग्राउंड में मातृशक्ति, आम नागरिकों और पत्रकारों के लिए बैठने व अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिटायर्ड कैप्टन महेंद्र नापित तथा मुख्य वक्ता जुगराजधर द्विवेदी, विशेष संपर्क प्रमुख (मध्य क्षेत्र, विश्व हिंदू परिषद) उपस्थित रहे। द्विवेदी ने अपने संबोधन में डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार और गुरुजी माधव सदाशिव गोलवलकर के जीवन आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ ने देश को संगठन, सेवा और समरसता का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र प्रथम की भावना लेकर कार्य करते हैं और आज भारत विश्व मंच पर अपनी शर्तों पर आगे बढऩे वाला शक्तिशाली राष्ट्र बन चुका है।

श्री द्विवेदी ने पंच परिवर्तन के माध्यम से स्वदेशी, समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य को राष्ट्र निर्माण के मूल स्तंभ बताया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पूरा आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ।

# तालाब की जमीन पर खुलेआम प्लॉटिंग, प्रशासन खामोश

### फर्जी दस्तावेज़ से सरकारी भूमि पर कब्जा और धमकी का खेल

**शहडोल।** सोहागपुर तहसील में सरकारी तालाब भूमि को निजी हड़पने और प्लॉटिंग करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि वार्ड नंबर 4, ख्वाजा नगरी निवासी मैदुद्दीन ने फर्जी दस्तावेज बनाकर ग्राम सोहागपुर की खसरा नंबर 1424, 1425 और 1186 वाली सार्वजनिक जमीन अपने नाम दर्ज करा ली। इसके बाद उसने अपने पुत्र सिराजुद्दीन और अन्य साथियों के साथ मिलकर भूमि की प्लॉटिंग कर बिक्री शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन वर्षों से तालाब, बगीचा और भीटा के रूप में दर्ज है और आमजन के उपयोग की है। राजस्व अभिलेख 1958-59 में भी इसे तालाब मद में दिखाया गया है। जब लोगों को इस जमीन की बिक्री की भनक लगी, तो उन्होंने विरोध जताया, लेकिन विरोध करने पर आरोपियों ने सीधे हाथ साफ कर दिया। 6 अक्टूबर को मैदुद्दीन, उसका पुत्र और साथी लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध करने वालों को धमकाया। मारपीट की धमकी दी गई, और यह सब मोबाइल रिकॉर्ड में दर्ज है।

जागरूक नागरिकों अभिषेक मिश्रा, अरविंद मिश्रा, सन्नी मिश्रा, श्रीनिवास मिश्रा, शब्बार खान और नजीर खान ने



थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी है, उन्होंने आरोप लगाया कि जमीन पर पहले भी जिला स्तर पर जांच हुई थी और इसे शासकीय भूमि पाया गया था, लेकिन उसके बावजूद प्लॉटिंग और बिक्री का खेल जारी है।

शिकायतकर्ताओं की मांग है कि फर्जी दस्तावेज़ और जमीन हड़पने वालों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भूमि को पुनः सरकारी खाता में दर्ज कर प्लॉटिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या प्रशासन इस खुली मनमानी पर कार्रवाई करेगा, या फिर सरकारी जमीन बेखौफ बिकती रहेगी। यह मामला न केवल कानून की अवहेलना है बल्कि आम जनता के अधिकारों पर सीधा हमला भी है।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान का दिया गया प्रशिक्षण

**शहडोल।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय शहडोल के आईपीपी 6 प्रशिक्षण सभागार में सोहागपुर क्षेत्र के हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यो को प्रशिक्षण दिया गया।

नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि अभियान के अंतर्गत स्कूलों को तंबाकू मुक्त परिसर घोषित किया जाना है तथा स्कूलों का चेकलिस्ट अनुसार सर्वे करना है। स्कूलों में तंबाकू तथा तंबाकू से बने उत्पादों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित करना है।

डॉ.अंशुमान सोनारे जिला एपेडिमीयोलॉजिस्ट ने तंबाकू के उपयोग की वजह से होने वाली बीमारियों कैंसर, टीवी, हृदय रोग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्परिणामो के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई जाए।

# केशवाही की घटना पुलिस की नाकामी का परिणाम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी का तीखा हमला



**शहडोल।** जिले के केशवाही में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसक घटना को लेकर सियासत तेज हो गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय अवस्थी ने इस पूरे घटनाक्रम के लिए पुलिस विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह घटना पूरी तरह से पुलिस की विफलता का नतीजा है। अगर समय रहते विभाग ने समझदारी और तत्परता दिखाई होती, तो मामला इतना नहीं बिगड़ता और जिले की गंगा-जमुनी तहजीब पर दाग नहीं लगता।

श्री अवस्थी ने कहा कि शहडोल जिला हमेशा से सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल रहा है, लेकिन पुलिस की लापरवाही और निर्णयहीनता ने स्थिति को भडक़ाया। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना की रात जब तनाव फैलने लगा था, तब भी पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित करने की कोई ठोस कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा कि यदि तत्काल दोनों पक्षों को बैठाकर बातचीत कराई जाती तो स्थिति नियंत्रण में रहती, लेकिन अफसरों ने देर कर दी, जिससे असंतोष भडक़ उठा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस की इस नाकामी का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश की गई। उनके मुताबिक कुछ लोगों ने इस घटना को हिंदू संगठन के नाम पर साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश की और भाजपा ने इसे जुलूस और नारेबाजी के जरिए राजनीतिक मंच बना लिया। जिस मामले को पुलिस की सूझबूझ से सुलझाया जा सकता था, उसे भाजपा ने सुनियोजित तरीके से सियासी मोड़ दे दिया।

श्री अवस्थी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, जिले में सांसद और विधायक भी भाजपा के हैं। ऐसे में यह हास्यास्पद है कि भाजपा विधायक खुद ही 'मुर्दाबाद' के नारे लगाते दिखे। अगर उन्हें पुलिस की कार्यवाही से इतनी नाराजग़ी है, तो अपनी ही सरकार में टीआई या एसपी पर कार्रवाई क्यों नहीं करवा पाए? उन्होंने कहा कि यह स्थिति दर्शाती है कि भाजपा सरकार में जनप्रतिनिधियों की कोई सुनवाई नहीं है, तो आम जनता के हितों की रक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है। श्री अवस्थी ने प्रशासन से मांग की कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिन अधिकारियों की लापरवाही से स्थिति बिगड़ी है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप

### स्पर्श मेले का आयोजन 14 से 16 अक्टूबर तक

**उमरिया।** उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग ने बताया कि दिव्यांगजनों को आत्म निर्भर बनाने एवं उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो, इसके लिए आवश्यक है कि उनके स्वयं व्दारा निर्मित उत्पादों का व्यापक स्तर पर विक्रय हो। इसके लिए दीपावली पखवाड़े के समय 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक स्पर्श मेले का आयोजन किया जाना है। निकायो में संबंधित विभागों के स्थानीय प्रशासन एवं संस्थाओं के सहयोग से स्पर्श मेला आयोजित किया जाएगा,ताकि दिव्यांग जन अपनी उत्पादित वस्तुओं का प्रदर्शन एवं विक्रय कर सकें।

### आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री

**उमरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री धन धान्य योजना 2025 भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है।यह योजना किसानों की आय बढ़ाने, उत्पादकता में सुधार करने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और किसानों को अधिक ऋण उपलब्ध कराने पर केंद्रित है यह योजना केवल फसल कृषि पर ही नहीं, बल्कि फल, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, पशुपालन और कृषि वानिकी पर भी केंद्रित होगी।जिले में समिति गठित की जाएगी जो जिला कृषि और संबद्ध गतिविधि योजना को अंतिम रूप देगी, जिसमें प्रगतिशील किसान भी सदस्य होंगे।

### अस्थाई आतिशबाजी पटाखा विक्रय के संबंध में बैठक संपन्न

**उमरिया।** दीपावली त्यौहार में अस्थाई आतिशबाजी पटाखा विक्रय के संबंध में कलेक्टर सभागार में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई । बैठक में बताया गया कि जिला मुख्यालय उमरिया में कृष्ण ताल उमरिया, तहसील करकेली में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के सामने मैदान, ग्राम घुलघुली में मुख्य बाजार, रहठा में कठौतिया मार्ग,नगर परिषद चंदिया में चंदिया स्टेडियम,ग्राम कौड़िया, तहसील बिलासपुर में मुख्य मार्ग तालाब का मेढ़, ग्राम अखडार में ओबरा विद्यालय, ग्राम निगहरी , पाली तहसील में सगरा तालाब, ग्राम पंचायत मलियागुड़ा,ग्राम चौरी के हाट बाजार, तहसील नौरोजाबाद अंतर्गत एसईसीएल कालरी मैदान, ग्राम कुर्रिहा , मानपुर में खेल मैदान तथा ग्रामीण क्षेत्र चिल्हारी ,ग्राम इंदवार में लगने वाली दुकानों के लिए स्थल चिन्हित किया गया है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला बाल विकास अधिकारी दिव्या गुप्ता की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक हाल अमरपुर विकासखंड मानपुर में किया गया।**

उमरिया।






इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं की भूमिकाओं को समाज में वरिष्ठता के रूप में दर्शाते हुए बताया कि किशोरी एवं महिलाओं में क्षमताओं को समझने एवं समाज तथा परिवार को आगे बढ़ाने में एक विशेष योगदान है । शिक्षा को समाज महत्व देते हुए उन्हें अधिक से अधिक शिक्षित करे एवं परिवार में आगे बढने का मौका प्रदान करें। बाल विवाह जैसे अपराधों को जड़ से खत्म करें एवं बालिकाओं को रोजगार के अवसर हेतु सहयोग करें।

कार्यक्रम में एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह ने किशोर किशोरियों एवं महिलाओं में बढ़ते अपराध की रोकथाम हेतु कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी दी एवं घटते लिंगानुपात एवं बाल विवाह के रोकथाम हेतु समाज को आगे आकर जागरूक करने हेतु चर्चा की। जिला समन्वयक किशोर स्वास्थ्य द्वारा प्रतिभागियों को अपनी स्वस्थ जीवन शैली को अपनाए जाने हेतु जागरूक किया गया एवं तम्बाकू मुक्त बनाने हेतु सभी को शपथ दिलाई गई।मास्टर ट्रेनर हर्ष पांडे के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर चर्चा करते हुए बताया की मनहित एप प्लेस्टोर से डाउनलोड कर वीडियो देख कर जागरूकता प्राप्त करे 14416 टोल फ्री नम्बर का प्रचार प्रसार एवं उपयोग हेतु बताया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी शिवनाथ प्रजापति ,पर्यवेक्षक रामकला डोगरे,आशा, सुपरवाइजर,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दर्शना महिला कल्याण समिति छतरपुर के मास्टर ट्रेनर आकांछा सिंह साथिया एवं ग्रामीण महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम संपन्न




उमरिया।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल में कैंप लगाकर जन जागरूकता हेतु गतिविधि आयोजित की गई । नोडल अधिकारी डॉक्टर आर एल द्विवेदी ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य रोगी को उपचार करने हेतु जिला चिकित्सालय में कमरा नंबर चार मनकक्ष एवं टैली मानस टोल फ्री नंबर 14416 वह मनहित ऐप मोबाइल एप्लीकेशन अंतर्गत की जा रही सेवाओं के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना है वहीं सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक डॉ केसी सोनी के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय के विभिन्न पहलुओं पर उपस्थित प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुकुल तिवारी द्वारा बताया गया कि मानसिक रोग चिकित्सा एवं प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी एवं प्रशिक्षित नर्सिंग ऑफिसर के द्वारा मनकक्ष में एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन जागरूकता एवं स्वास्थ्य उपचार हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आने वाले हितग्राहियों की स्क्रीनिंग एवं मानसिक रोगी का उपचार तथा परामर्श दिया जाएगा राष्ट्र किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के परामर्शदाता राकेश चौधरी के द्वारा आत्महत्या रोकथाम हेतु गेटकीपर मित्रम प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण के संबंध में जानकारी दी गई । कार्यक्रम में आईएमओ डॉक्टर संदीप सिंह, नर्सिंग स्टाफ एवं परामर्शदाता उपस्थित रहे।



# लाडली बहनों के खाते में पहुंची राशि

उमरिया।



प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने श्योपुर जिले से प्रदेश की 1.26 करोड़ लाड़ली बहनो के खाते में 1541 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से अंतरित किए । जिले की एक लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 13 करोड़ रूपये से अधिक की राशि का अंतरण हुआ ।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उमरिया जिले के कलेक्टर सभागार में देखा एवं सुना गया । इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी, बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं ।

# खुशियों की दीपावली मनाएंगी राज कुमारी

उमरिया।



प्रदेश सरकार व्दारा प्रदेश की बहनों को आर्थिक,सामाजिक एवं पारिवारिक रूप से सशक्त बनाकर आत्म निर्भर बनाने हेतु शुरू की गई लाडली बहना योजना उनके जीवन में मील का पत्थर साबित हो रही है । जिला मुख्यालय उमरिया निवासी राज कुमारी सोधिया पति सुंदरलाल सोधियां ने बताया कि पति घड़ी रिपेयरिंग का कार्य करते है।लाड़ली बहना योजना के तहत उन्हें प्रति माह 1250 रूपये प्राप्त हो रहे है।योजना के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग हम बच्चों की पढ़ाई में कर रहे है । उन्होने कहा कि इस माह जो दीपावली के पूर्व योजना के तहत खाते मे राशि अंतरित हुई है,उससे हम खुशियो की दीपावली मनाएंगे।प्रदेश सरकार के मुखिया एवं मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने हर माह 1250 रूपये की राशि खाते में अंतरित कराकर हमारा सम्मान बढा दिया है । अब हम अपने बच्चों की पढाई,घर गृहस्थी की आवश्यकताओ,स्वास्थ्य जैसी आवश्यकताओ के लिए किसी पर निर्भर नही रहते।इसके लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं अपने भईया डा मोहन यादव को धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

## दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष ने की पहल

# बिना प्रेस्क्रिप्शन अब नहीं मिलेगी बच्चों की दवा

उमरिया।





छिंदवाड़ा में बीते दिन अमानक कफ सिरप पीने से हुई 22 बच्चों की असमय मौत के बाद जहां मध्यप्रदेश सरकार सावधान हो गया है वहीं उमरिया जिला प्रशासन सहित दवा विक्रेता संघ भी अलर्ट नजर आ रहा है। ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे व दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा धीरू के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों ने अपनी संस्थान में एक नोटिस चस्पा किया है, जिसमें साफ साफ लिखा गया है कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सर्दी खांसी जुकाम की दवाइयों का विक्रय नहीं किया जाता वहीं यह भी उल्लेख किया गया है कि बच्चों के उपयोग में आने वाली दवाई बिना चिकित्सकीय परामर्श व प्रेसक्रिप्शन के प्रदान नहीं किया जाएगा। ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे व दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा धीरू के कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन में छेड़े गए इस सार्थक अभियान से जहां एक ओर प्रतिबंधात्मक दवाइयों की बिक्री पर रोक लगेगी वहीं इस संदेश से आमजन भी जागरूक होंगे। दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा धीरू ने बताया कि बीते दिन प्रशासन और संगठन की मीटिंग के बाद यह निर्णय लिया गया है कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए मेडिकल से दवा नहीं दी जाएगी साथ ही 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बिना प्रेसक्रिप्शन के दवा प्रदाय नहीं किया जाएगा।

इस संबंध में पाली, नौरोजाबाद, उमरिया, चंदिया, मानपुर, करकेली के अलावा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मेडिकल स्टोर्स संचालकों ने कहा कि हम ड्रग इंस्पेक्टर और जिलाध्यक्ष के निर्देशों का पालन सतत रूप से करते रहेंगे। इन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा धीरू के मार्गदर्शन में हम सभी दवा विक्रेता संकल्प लेते है कि मध्यप्रदेश सरकार के गाइड लाइन का पालन करते हुए अपनी दुकानें संचालित करेंगे। बता दें कि बीते दिनों से चल रहे इस अभियान से जहां एक ओर आमजन में जागरूकता आएगी वहीं लापरवाहियों में भी व्यापक कमी होगी।

## इकोफ्रेंडली दीपावली मनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को बना रहे कलाकार

# इस दिवाली स्थानीय उत्पादों को चुनें और बढ़ावा दें





उमरिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील देशवासियों से की है।जिसका असर अब उमरिया जिले में दिखने लगा है। दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कुम्हार समुदाय के लोग मिट्टी के दीये बनाने प्रारंभ कर दिए है,जो बनने के बाद बाजार में बिक्री हेतु भी आने लगे हैं।गर्मियों में निर्मित घड़े बनाने के लिए प्रसिद्ध चंदिया तहसील के कलाकार कर रहे डिजाइनर मिट्टी के दियों का निर्माण।घर-घर में संपूर्ण परिवार अपने पारंपरिक काम मिट्टी के दिया बनाने में जुटा हुआ है तथा इस कार्य में परिवार के मुखिया का हाथ बंटा रहे हैं। उमरिया जिले के चंदिया में रहने वाले कुम्हार समुदाय के कलाकारो का कहना है कि दीपावली में उपयोग होने वाले ये दिए पूर्णतः मिट्टी के रहते है,कच्चे मटेरियल से लेकर इन्हे आकर्षक रूप देने में सारी चीज़े पर्यावरण फ्रेंडली इस्तेमाल होती हैं, दीपावली के नजदीक आते ही करीब 10-15 दिन का यह व्यवसाय रहता है, जिले के साथ ही प्रदेश के अन्य प्रदेशों में भी इनकी बिक्री कर वे लोग अपनी जीविकोपार्जन का इंतज़ाम करते हैं।

# साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स में अन्तरक्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता-2025 का आयोजन

**हरिभूमि न्यूजबदरा/जमुना।** महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी जमुना कोतमा क्षेत्र ने बताया कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और खान सुरक्षा महानिदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में अन्तक्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता-2025 का आयोजन बदरा 7/8 खदान में 10 अक्टूबर शुक्रवार से होने जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य खदानों में सुरक्षा और बचाव तकनीकों को प्रोत्साहित करना और भाग लेने वाली टीमों की कुशलता को निखारना है। इस भव्य आयोजन में विपुल बिहारी सटियार, निदेशक खान सुरक्षा, रायगढ़ क्षेत्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश राय, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), बिलासपुर; मनोज बिश्नोई, महाप्रबंधक (बचाव) एवं प्रभाकर राम त्रिपाठी, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, जमुना कोतमा क्षेत्र करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से प्रातः 8.05 बजे होगी। इसके बाद मार्चपास्ट एवं ड्रिल 8.40 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का औपचारिक प्रारंभ प्रातः 9.30 बजे होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की टीमों ने अपनी बचाव क्षमता का प्रदर्शन करना है। समापन समारोह 11 अक्टूबर, शनिवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम, गोविंदा में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि रामावतार मीना, उप महानिदेशक खान सुरक्षा, पश्चिमांचल, नागपुर होंगे, जबकि नीरज कुमार, उप महानिदेशक खान सुरक्षा, उत्तरांचल, गाजियाबाद विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीश दुहन, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, करेंगे। मुख्य अतिथि का आगमन अपरान्ह 2 बजे होगा 2.30 बजे वे प्रतियोगिता का अवलोकन करेंगे इसके बाद अतिथियों का स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उद्बोधन होगा अंत में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को अपरान्ह 5 बजे पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया जाएगा।

# तीन दिवसीय खान बचाव प्रतियोगिता का हुआ समापन

## बारिश के बीच रेस्क्यू योद्धाओं ने दिखाया अदम्य साहस और समर्पण

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।



साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और खान सुरक्षा महानिदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अन्तरक्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता-2025 का भव्य समापन रविवार को गोविंदा स्थित द्रोणाचार्य स्टेडियम में हुआ। यह प्रतियोगिता बीते दो दिनों से बदरा सात आठ नारायण खदान परिसर में चल रही थी, जहां विभिन्न क्षेत्रों से आए रेस्क्यू योद्धाओं ने अपने साहस, अनुशासन और तकनीकी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रामावतार मीना, उप महानिदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमांचल, नागपुर) और नीरज कुमार, उप महानिदेशक खान सुरक्षा (उत्तरांचल, गाजियाबाद) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में हरीश दुहन, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक विपुल बिहारी सटियार, निदेशक खान सुरक्षा रायगढ़, प्रकाश राय, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) बिलासपुर तथा मनोज बिश्नोई, महाप्रबंधक (बचाव) शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां काली की आराधना और आकाश में गुब्बारे छोड़ने के साथ हुआ, जिसने एकता और समर्पण का संदेश दिया इसके बाद अतिथियों ने सभी रेस्क्यू टीमों की परेड का निरीक्षण किया इस दौरान तेज बारिश के बीच भी जब रेस्क्यू कर्मी पूरी दृढ़ता और शौर्य के साथ अपने प्रदर्शन में जुटे रहे तो पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा उनके इस साहस ने यह सिद्ध कर दिया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में ये योद्धा खदानों में फंसे साथियों की जान बचाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। मंच पर मां सरस्वती और गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का औपचारिक आरंभ हुआ इसके पश्चात कोल इंडिया का सहकारिता गीत गाया गया और खदानों में शहीद हुए श्रमिकों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया तत्पश्चात सभी रेस्क्यू कर्मियों ने सुरक्षा और सेवा की सामूहिक शपथ ली आयोजक क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा। जब हम खतरों से दूर भागते हैं, तब हमारे रेस्क्यू साथी उन्हीं खतरों में कूदकर जीवन बचाते हैं यह न केवल एक पवित्र कार्य है, बल्कि मानवता की सर्वोच्च सेवा भी है इस प्रतियोगिता ने दिखाया कि के रेस्क्यू दलों की क्षमता किसी भी राष्ट्रीय आपदा दल से कम नहीं है। समारोह में अतिथियों द्वारा रेस्क्यू प्रतियोगिता की स्मारिका का विमोचन किया गया, जिसमें खान सुरक्षा, प्रशिक्षण और आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां संकलित थीं इसी क्रम में केंद्रीय विद्यालय, जमुना कॉलोनी के बच्चों ने नागालैंड का पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

सीएमडी हरीश दुहन ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि हमारी बेटियां और महिलाएं हर क्षेत्र में सक्षम हैं उन्हें अपनी योग्यता और आत्मविश्वास के बल पर आगे बढ़ने का पूरा अवसर मिलना चाहिए स्वच्छता और सुरक्षा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार होना चाहिए। महिला रेस्क्यू टीमों ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे किसी भी परिस्थिति में पुरुषों से कम नहीं हैं।

उन्होने आगे कहा कि हर कर्मी और उसके परिवार को फर्स्ट-एड प्रशिक्षण मिलना चाहिए स्वास्थ्य जांच और सुरक्षा जागरूकता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है हमारे रेस्क्यू कर्मी 'रियल हीरोज ऑफ हैं जो जान और संपत्ति की रक्षा करते हैं आने वाले समय में और के साथ संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होना चाहिए, ताकि बचाव कार्यों की गुणवत्ता और मजबूती और बढ़े।

### सीएमडी ने कहा- हर जीवन अनमोल है

हम लोग कई लोगों का जीवन बचा पाते हैं, आकस्मिक समय में तो वह न केवल उस परिवार के लिए, बल्कि पूरे परिवार के लिए गर्व की बात होगी। कर्मियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है वर्तमान जीवनशैली और कार्य परिस्थितियों के कारण हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं इसलिए, हर प्रबंधक अपने कार्यक्षेत्र में स्वास्थ्य जांच अभियान प्रारंभ करें और यह सुनिश्चित करें कि हमारे कर्मी नियमित रूप से चिकित्सकीय परीक्षण और दवा ले रहे हैं। कार्यक्रम के समापन पर विजेता टीमों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया अतिथियों ने जमुना-कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी और उनकी पूरी टीम की सराहना की, जिन्होंने तेज बारिश और विपरीत मौसम के बावजूद आयोजन को भव्य और सफल बनाया। यह तीन दिवसीय आयोजन न केवल सुरक्षा संस्कृति को नई दिशा देने वाला रहा, बल्कि इसने यह भी साबित किया कि के रेस्क्यू योद्धा हर परिस्थिति में मानवता की रक्षा के लिए समर्पित हैं। उनका यह जज्बा ही खनन क्षेत्र की असली ताकत और एसईसीएल की पहचान है। जहां खतरा है, वहीं से शुरू होती है हमारे रेस्क्यू कमांडोज़ की कहानी।

खबर संक्षेप

## विद्यार्थियों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

**कटनी।** शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को प्राचार्य अजय शंकर पांडे के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ राम सुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विशेषज्ञ श्री दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक खेती के लिए पशुपालन के महत्व, देसी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के जैविक खेती में उपयोग के विषय में बताया गया। उन्होंने देश में हरित क्रांति लागू होने के बाद कृषकों द्वारा असंतुलित मात्रा में रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग करने से भूमि, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरणको हो रहे नुकसान, भूमि में पोषक तत्व एवं लाभकारी जीवाणुओं के कमी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री दुबे ने बताया कि देसी गाय के प्रति ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ सूक्ष्म जीवाणु होते हैं। वहीं गोमूत्र में 33 प्रकार के तत्व पाए जाते हैं। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को 'कम लागत तकनीकी, जीरो बजट फार्मिंग' प्राकृतिक खेती की तकनीकी जानकारी भी दी गई और जैविक खाद एवं कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण संपन्न कराने में शिक्षक डॉ. धीरेंद्र कुमार अग्रवाल एवं व्यवसायिक शिक्षक का सहयोग रहा।

## छात्रों को दिया गया स्वदेशी अपनाने का मंत्र

**कटनी।** स्वदेशी विचारधारा के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को शैक्षणिक विमर्श के केंद्र में लाने के लिए पोस्ट मेट्रो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी के तत्वावधान में "स्वदेशी से स्वावलंबन" विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि "स्वदेशी का अर्थ केवल भारतीय वस्त्र या उत्पादों का प्रयोग करना नहीं, बल्कि यह अपने विचार, व्यवहार और आचरण में भारतीयता को आत्मसात करने की प्रक्रिया है। जब व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त होता है।" दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. आशु मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि "स्वावलंबन तभी स्थायी हो सकता है जब वह स्वदेशी चिंतन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण दोनों पर आधारित हो।

## सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ व्रत



**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र मे करवा चौथ का व्रत आस्था व उल्लास पूर्वक मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए करवाचौथ का व्रत किया। सुहाग की सलामती के लिए दुल्हन के रूप में सजी-संवरी महिलाएं खुद किसी चांद से कम नजर नहीं आ रही थी। पति का आशीर्वाद पाने की ललक व दिन भर पति की लंबी आयु की कामना ही इन पत्नियों के दिन भर निर्जल व निराहार रहने में मददगार रही। शाम ढलते ही घरों में करवाचौथ पूजन की तैयारियां शुरू हुई। करवा माता की पूजा कर महिलाओं ने चंद्रमा का बिंब छलनी से देखा और उसे प्रणाम करते हुए अघ्र्य दिया और पति से जलग्रहण करने के बाद व्रत का पारण किया!नवविवाहितो मैं था उत्साह-करवाचौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं की शाम ढलते ही बेसब्री बढ़ गई। यह बेसब्री दो तरह की थी। एक पति परमेश्वर की प्रतीक्षा की तो दूसरा चांद को देखने की। नवविवाहिताओं में तो इस व्रत का खासा उत्साह था। करवाचौथ के मौके पर पतियों ने उपहारों की खरीदारी की और रात को पूजा के बाद उन्हें वे उपहार दिए। पतियों ने अपना सारा काम दरकिनार कर अपनी पत्नियों के न केवल मनोरंजन का ध्यान रखा, बल्कि पूजा में भी सहभागिता निभाई। 16 श्रंगार मे सजी महिलाओ ने सोशल मीडिया मे भी फोटो शेयर की।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पथ संचलन एवं शताब्दी पर्व सम्पन्न, अखंड भारत के सपने को आकार देता संघ

बिरसिंहपुर पाली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड बिरसिंहपुर पाली में शताब्दी वर्ष पर्व के उपलक्ष में आज सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नगर के सांई मंदिर तक पथसंचलन किया गया





तत्पश्चात यह पथ संचलन दुसरे मार्ग से सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचा। विक्रम संवत 2082 एवं युगाब्द 5127 के इस ऐतिहासिक अवसर पर खंड पाली का पथ संचलन आज उत्साह पूर्वक विशेष उत्सव के रूप से आयोजित किया गया । कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी श्री अजय शुक्ला, अनूपपुर, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहें।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में पुरुषार्थ, पराक्रम की सोयी हुई भावना को जाग्रति करना और संगठन को मजबूत बनाने, राष्ट्रीय भावना का जागरण करना है।इस कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, बिरसिंहपुर पाली में एकत्रीकरण हुआ। संघ के विचार धारा से जुड़े लोगों को कार्यक्रम में परिवार सहित सहभागिता निभाने की अपेक्षा की गयी , जिससे इस शताब्दी वर्ष में समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का संदेश व्यापक रूप से फैल सके।आज के पथ संचलन में लगभग पांच सौ स्वयं सेवकों ने भाग लिया। खुशी की बात यह है कि इस पथ संचलन में नवयुवकों की बढ़ती संख्या कार्यक्रम के दीर्घ कालिक उद्देश्य को फली भूत करते दिखाई दे रहा है। नगर पालिका परिषद ने पुष्प वर्षा किया स्वागत पथ संचलन में शामिल पथिको का स्वागत नगर पालिका परिषद पाली के व्दारा माँ बिरासनी देवी प्रवेश व्दार में पुष्प वर्षा करते हुए किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान, पार्षदों और उनकी टीम ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, जो पहला अवसर है जब इस परंपरा की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने प्रशासन ने दिखाई तत्परता आर एस एस के पथ संचलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पाली तहसील स्तर के सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी भूमिका का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंबिकेश प्रताप सिंह अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिव चरण बोहित, तहसील दार नीलेश सिंह, नगर निरीक्षक राजेश चंद मिश्रा, मंगठार चौकी प्रभारी शशि व्दिवेदी, घुनघुटी चौकी प्रभारी कोमल दीवान के साथ भारी तादाद में पुलिस बल यात्रा को सफल बनाने में पूरी तत्परता से जुटी रही।

### धर्मांतरण के विरोध में सैयाम का सख्त रुख

## मडसा गांव में पुलिस संग पहुंच रोक दी 'चंगाई सभा'

शहडोल।



जिले के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भठिया अंतर्गत ग्राम मडसा में रविवार को कथित धर्मांतरण की सूचना पर हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं के साथ सुनैना सिंह सैयाम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और चल रही 'चंगाई सभा' को रोक दिया। बताया जा रहा है कि यह सभा प्रजापति समाज के एक घर में आयोजित की जा रही थी, जिसमें अन्य ग्रामीणों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा था।

मौके पर पहुंची सुनैना सिंह सैयाम ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जिले में इस तरह के धर्मांतरण के प्रयास किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस पूरे मामले की गहन जांच की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। सैयाम के साथ प्रेम वर्मन, सुरेंद्र दुबे, रोहित शर्मा और विश्व हिंदू परिषद से एस. त्रिपाठी सहित कई सामाजिक संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार, धर्मांतरण कराने के आरोप दो पादरियों (पास्टर) पर लगे हैं जो जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओढकी कठौतिया के निवासी बताए जा रहे हैं। दोनों पादरी गोंड समाज से हैं और बताया जा रहा है कि मडसा में करीब 22 ग्रामीणों जिनमें बैंगा जनजाति, गोंड और प्रजापति समाज के लोग शामिल ह, को धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया जा रहा था।

जैतपुर थाना प्रभारी जिआउल हक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी आरोपितों एवं उपस्थित ग्रामीणों को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की। सूत्रों के अनुसार, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यदि धर्मांतरण के प्रमाण मिलते हैं तो धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

सुनैना सिंह सैयाम ने कहा कि यह केवल एक धार्मिक मामला नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता और आस्था से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को ऐसे मामलों में त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए ताकि जिले में किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक अशांति न फैल सके।

स्थानीय नागरिकों ने सुनैना सिंह सैयाम और पुलिस प्रशासन की तत्परता की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजनों पर सख्ती जरूरी है, जिससे ग्रामीणों की आस्था और सामाजिक एकता सुरक्षित रह सके। धर्मांतरण की कोशिश पर नकेल कसने की इस कार्रवाई ने जैतपुर क्षेत्र में प्रशासन की सजगता और हिंदू संगठनों की सक्रियता दोनों को चर्चा में ला दिया है।

## न्यायालय द्वारा डी.एन.ए. कराये जाने पर जालिम ऊर्फ राम प्रसाद ही निकला रवि पनिका का पिता

बुढार।

न्यायालय द्वारा डी.एन.ए. कराये जाने पर जालिम उर्फ राम प्रसाद ही पाया गया रवि पनिका का पिता और मामले का हो सका खुलासा।

न्यायिक दण्डाधिकारी कनिष्ठ खण्ड बुढार के न्यायाधीश मा. ऋषव दीक्षित के न्यायालय में वर्ष 2013 से एक प्रकरण भरण पोषण का लम्बित था, जिसका प्रकरण क्रमांक एम.जे.सी.आर. 117 / 13 था, जिसमें रवि पनिका उर्फ कमलेश निवासी हाथीडोल धनपुरी ने जालिम उर्फ राम प्रसाद आत्मज रामखेलावन निवासी टंकाटोला बसंतपुर दफाई अमलाई को अपना पिता होना बताकर उससे भरण पोषण की मांग की थी, जिस पर न्यायालय में जालिम उर्फ राम प्रसाद ने अपने को रवि पनिका का पिता होने से इन्कार कर दिया था, इस पर पितृत्व की जांच के लिए मा. न्यायालय में डी.एन.ए. टेस्ट कराने का आदेश दिया, जिस पर वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए पिता, पुत्र दोनों का तथा रवि पनिका की मां श्रीमती नीलम का ब्लड सैंपल लिये जाकर उसे जांच हेतु प्रयोगशाला सागर भेजा गया, और जांच उपरांत यह पाया गया कि - पुत्र रवि पनिका का डी.एन.ए. तथा पिता जालिम ऊर्फ राम प्रसाद का डी.एन.ए. एक समान है, न्यायालय में जब यह रिपोर्ट प्रस्तुत हुआ तब रवि पनिका अपने को जालिम उर्फ राम प्रसाद का पुत्र होना न्यायालय के समक्ष साबित कर सका और वैज्ञानिक अन्वेषण के चलते रवि पनिका ने अपनी लड़ाई जीती।

मा. न्यायालय ने डी.एन.ए. परीक्षण का आदेश देकर न्याय का मार्ग प्रशस्त किया।

## पौष्टिक आहार की दी गईं जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समीपस्थ ग्राम पंचायत कैमोरी मै राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया!आँगनबाड़ी केंद्र में रंगोली से सजावट कर और पोषण युक्त तत्वों से पोषण मटका तैयार किया गया जहाँ आगनवाड़ी कार्यकर्ता ने महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित पोषक तत्व खाने चाहिए। इससे बच्चा स्वस्थ और रोगों से दूर रहेगा। इसलिए खाने में प्रतिदिन पोषक तत्व घर में जरूर खिलाएं। आगनवाड़ी पहुँची महिलाओं और बच्चों का वजन भी किया गया। उनकी जांच की गई। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।पर्यवेक्षक प्रिया नंदवार के द्वारा पोषण अभियान की थीम अनुसार स्थानीय उत्पादों, खिलौनों व पौष्टीक खाद्य पदार्थो के बारे जागरूक किया गया। साथ ही स्वयं निर्मित स्वदेशी खिलौने व स्थानीय व्यंजनों का प्रचार -प्रसार करने कहा। स्थानीय पौष्टीक खाद्य पदार्थो का सेवन बच्चों को कराये व आप स्वयं करें जिससे शरीर स्वास्थ्य रहेगा। महिलाओं को उनके बच्चों की वृद्धि ,निगरानी और विकास के बारे में समझाया गया।पोषण युक्त खाद्य पदार्थों को एकत्रित कर पोषण मटका तैयार किया गया। बच्चों की स्थिति कमजोर और कुपोषित होने पर बच्चों को एनआरसी में भर्ती करने की समझाइश दी।

स्वास्थ्य देखभाल को लेकर महिलाओं को जागरुक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम मे स्थानीय पौष्टीक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गईं। साथ ही कार्यक्रम के अंत मे मानव श्रंखला बनाकर पोषण को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि ओर आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका ओर महिलाओं की उपस्थिति रही।

### त्योहार से पहले फूड इंस्पेक्टर की रस्मअदायगी जांच

## रिपोर्ट आएगी तब तक मिठाई पेट में पहुंच जाएगी!

शहडोल।




दीपावली पर्व को देखते हुए जिले में खाद्य विभाग की तथाकथित सक्रियता एक बार फिर चर्चा में है। हर साल की तरह इस बार भी फूड इंस्पेक्टर आर.के. सोनी ने धनपुरी और बुढार क्षेत्र के नामी मिष्ठान दुकानों बीकानेर स्वीट्स, मिठास टेस्ट ऑफ बंगाल, अंकुर स्वीट्स, शुभम स्वीट्स, श्याम मिष्ठान और जोधपुर स्वीट्स का निरीक्षण किया, मिठाइयों के सैंपल लिए, चेतावनी दी और फोटोग्राफ खिंचवाकर निकल पड़े, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह निरीक्षण जनता की सेहत बचाने के लिए था या सिर्फ त्योहारी औपचारिकता पूरी करने का एक और सरकारी नाटक है।

हर साल दीपावली से पहले खाद्य विभाग की यही कहानी दोहराई जाती है, मिठाई दुकानों का निरीक्षण, मिठाई और खोये के नमूने लेना, भोपाल प्रयोगशाला भेजना और फिर रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई का रटा-रटाया बयान, लेकिन वर्षों से जनता यही पूछती आ रही है, आखिर वह आगे की कार्रवाई कब होगी? प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने में महीनों लग जाते हैं, तब तक वह खोवा, लड्डू और कतली जिसे जांचना था, जनता के पेट में पहुंच चुकी होती है। फिर अगर रिपोर्ट में मिलावट साबित भी हो जाए, तो कार्रवाई महज़ कागजों में सीमित रह जाती है।

त्योहारों के मौसम में मिलावटखोरी का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। शहर की गलियों से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों तक, नकली घी, कृत्रिम रंग और रासायनिक एसेंस से बनी मिठाइयां धड़ल्ले से बिक रही हैं, लेकिन खाद्य विभाग की सक्रियता सिर्फ कैमरे के सामने ही दिखती है। न कोई आकस्मिक छापा, न मौके पर नमूनों की त्वरित जांच, न किसी दोषी पर त्वरित कार्रवाई। निरीक्षण के नाम पर मिठाई की थाल सजती है, फोटो क्लिक होती है और मामला खत्म।

जनता का सवाल बिल्कुल सीधा है, जब जांच रिपोर्ट त्योहार बीतने के महीनों बाद आती है, तब इस प्रक्रिया का औचित्य क्या है? क्या यह सिर्फ खानापूर्ति नहीं? क्या विभाग जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम नहीं कर रहा? आखिर इन निरीक्षणों से किसका भला हो रहा है, उपभोक्ताओं का या उन दुकानदारों का जो विभागीय संरक्षण में हर साल वही खेल दोहराते हैं?

खाद्य विभाग की यह ढिलाई अब लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ में बदल चुकी है। जरूरत है सैंपल भेजने की नहीं, मौके पर तत्काल जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की, लेकिन जब विभागीय अधिकारी खुद रस्म निभाने में व्यस्त हों, तो आम जनता की उम्मीदें भी मिठाई की तरह खोखली रह जाती हैं।

### कोदो एवं कुटकी के पंजीयन हेतु बनाए गए हैं 11 केंद्र

## समर्थन मूल्य पर कोदो व कुटकी विक्रय के लिए 24 अक्टूबर तक होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर राज्य सरकार द्वारा रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कटनी जिले में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है। इसके लिए किसान भाई ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2025 तक कोदो एवं कुटकी का पंजीयन करा सकते हैं।

कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने किसानों से आग्रह किया है की, राज्य शासन द्वारा निर्धारित समय में किसान भाई पंजीयन अवश्य करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है।

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर कोदो एवं कुटकी पंजीयन हेतु कटनी तहसील में सहकारी विपणन समिति मर्यादित को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति विजयराघवगढ़ एवं सिन्गौडी, रीठी तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रीठी एवं बकलेहटा तथा बरही तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिपरिया कला को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। जबकि बड़वारा तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बड़वारा एवं विलायतकला, ढीमरखेड़ा तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति झिन्ना पिपरिया एवं सिलौडी तथा स्लीमनाबाद तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति स्लीमनाबाद को पंजीयन केंद्र निर्धारित किया गया है।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर तथा एम.पी. किसान एप पर भी की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोट पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

सिकमी,बटाईदार,कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। उपार्जित फसल के भुगतान हेतु बैंक खाता किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

आधार पंजीयन केन्द्रों में आसानी से अपना मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट कराया जा सकता है।इस कार्य के लिए पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार सुविधा केन्द्र का भी उपयोग किया जा सकता है।

## ग्रेडिंग में सुधार लाने सीईओ को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण तत्परता पूर्वक कराएं। शिकायतकर्ता की शिकायत को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए समस्याओं का समाधान और ग्रेडिंग में सुधार लाया जाना सुनिश्चित करें। इस प्रकार के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारियों को दिए।

सुश्री कौर ने वन टू वन जनपद पंचायत बड़वारा की सीईओ सुश्री प्रभा तेकाम से समीक्षा प्रारंभ करते हुए सभी जनपद पंचायतों के सीईओ से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गत दिवस प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण करते हुए बंद कराई गई शिकायतों की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने निर्देशित करते हुए कहा कि दो दिन बाद शिकायतों के निराकरण की प्रगति की पुनः समीक्षा की जाएगी इसलिए सभी अधिकारी बेहतर कार्य योजना बनाकर अपनी टीम के सहयोग से अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण कराएं।

### फोर्स क्लोज के प्रस्ताव भेजें

समीक्षा करते हुए सुश्री कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं पंचायती राज,मनरेगा एवं अन्य प्रकार की लंबित शिकायतों का सभी जनपद पंचायत के सीईओ प्रॉपर मॉनिटरिंग करते हुए भली भांति परीक्षण कर फोर्स क्लोज के प्रस्ताव भेजें। ऐसे प्रस्ताव प्रेषित करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।

### रोशनी का त्यौहार नजदीक आते ही 'जुआ' भी होने लगा 'रोशन'

# तेज हुई जुआरियों की हलचल, नगर सहित गांवों में हो रहा लाखों का जुआ





### खाने पीने सहित तमाम सुविधा सहित साहूकार भी उपलब्ध

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल क्षेत्र बिजुरी, कोतमा, राजनगर, जैतहरी, राजेन्द्रग्राम, चचाई थाना क्षेत्रों में दीपावली का त्यौहार आते ही जुआरी सक्रिय हो गए हैं। नगर सहित हर गांवों में जुआरियों का कारोबार शुरू हो चुका है। धन की देवी लक्ष्मी का त्यौहार दीपावली को अब कुछ दिन ही शेष रह गया है। इस त्यौहार में धन दुगुना करने यानी जुआं में दांव लगाने वालों की संख्या नगर सहित गांवों में कई ठिकानों पर खुलेआम देखी जा रही है।

#### हो रहा लाखों का जुआ

सूत्रों की माने तो ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने की बजाए पुलिस उल्टे सेटिंग में लगी हुई है। थाना क्षेत्र के नगर सहित गांवों में लाखों का जुआ हो रहा है। जुआ खिलाने वालों का गैंग पूरी तरह से कमर कसकर तैयार हो चुकी है। सूत्रों की माने तो जुआ खिलाने वाले गैंग पुलिस से सेटिंग कर महीना बंधाने के लिए संपर्क भी कर चुके हैं।

#### छत्तीसगढ से पहुंच रहे जुआरी

कोयलांचल के कोतमा थाना क्षेत्र में इन दिनों करीब लाखों का जुआ हो रहा है। कोयलांचल क्षेत्र में जहां जहां फड़ संचालित होता है वहां बड़ी संख्या में दांव लगाने युवा पहुंचते हैं। कोयलांचल के फड़ में मनेंद्रगढ़, केल्हारी और अन्य जगह के जुआरी बाइक और चार पहिया वाहन में पहुंचते हैं। बाइक वाले जुआरी तो अपनी बाइक सीधे मौके पर ले जाते हैं। फोर व्हीलर वाले जुआरियों को जंगल के पास छोड़कर वाहन वापस लौट जाता है।

#### मोबाइल के इशारे पर पूरा काम

विश्वस्त सूत्रों की माने तो जंगल के मुहाने से लेकर मौके तक तकरीबन आधा दर्जन वॉच मेन तैनात रहते हैं जो जुआ खिलाने वाले को मोबाइल पर लाइव सूचना करते है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के जंगल में घुसने की ताजा जानकारी जुआ संचालक को मोबाइल पर उपलब्ध हो जाती है। दिलचस्प बात यह है कि वॉचमेन अपने हर जुआरी ग्राहकों को पहचानता है। बिना पहचान का व्यक्ति जंगल के अंदर घुसते ही जुआरी तितर बितर हो जाते हैं।

#### खाने पीने सहित तमाम सुविधा उपलब्ध

एक चर्चित जुआरी ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि जुआ अड्डे में जुआरियों के लिए सारी व्यवस्थाएं रहती हैं। नानवेज खाने वाले को मटन, चिकन भी मौके पर ही उपलब्ध कराया जाता है। भोजन के बदले जुआरियों को कीमत अदा करनी पड़ती है। मौके पर गुटका, पाउच और शराब भी उपलब्ध होता है।

#### साहूकार भी उपलब्ध

विश्वस्त सूत्रों की माने तो जुआरी अगर मौके पर जुआ में पैसे हार जाता है तो उसे साहूकार ब्याज में पैसे भी उपलब्ध करा देता है। बताया जाता है कि जुआरी को 10 प्रतिशत प्रति दिन के हिसाब से यहां ब्याज पर पैसा मिलता है। साहूकार अपने परिचित को बिना किसी सामान के पैसे उपलब्ध करा देता है। लेकिन अपरिचित को वाहन या अन्य सामान गिरवी रखना पड़ता है।

# मनमाने तरीके से किराया वसूल रहे ऑटो रिक्शा चालक

### यातायात नियमों का नहीं हो रहा पालन, ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालत बदतर

### स्थानीय प्रशासन का निर्देश बेअसर



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासन द्वारा पूरे प्रदेश में यातायात नियमों का सख्ती से पालन के निर्देश दिए थे। यही नहीं, सड़क सुरक्षा और यातायात से सम्बन्धित जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया था। लोगों से अपील की जा रही थी कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें अपना और सड़क पर चलने वाले लोगों का ख्याल रखें, लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जो नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। नगर में बेलगाम ऑटो रिक्शा सुरक्षित और सुचारू यातायात व्यवस्था की सबसे बड़ी बाधा है। छोटे और सस्ते सार्वजनिक परिवहन के साधन के रूप में यह जरूरी है, लेकिन इनके संचालन का कोई मॉडल नहीं है, जिसके कारण आए दिन हादसे भी होते हैं और यातायात व्यवस्था भी गड़बड़ाई रहती है। हालांकि कुछ समय पहले जिला मुख्यालय मे आटो संघ की बैठक मे स्थानीय प्रशासन द्वारा आटो किराये का निर्धारण किया था, बावजूद इसके निर्धारित किराये से अधिक ऑटो वाले यात्रियों से वसूली कर रहे हैं।

#### ट्रैफिक मानकों का नहीं पालन

महिलाओं से बदतमीजी के साथ.साथ ऑटो चालक ट्रैफिक नियम कानूनों की भी जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। मनमाने ढंग से ऑटो की पार्किंग, सड़क पर लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बन रही है। दौड़ रही 99 फीसदी ऑटो रिक्शा में न तो मोबाइल नंबर लिखे गए हैं, न किराया सूची और न ही कई के चालकों ने अब तक अपना कमर्शियल लाइसेंस बनवाया है। इसके बावजूद इन पर कार्रवाई करने ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ कोताही बरत रहे है। नगर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड या फिर शहर के बीच चौक-चौराहे हो, सभी जगह लोग बेलगाम ऑटो चालकों की मनमानी से परेशान हैं। नगर सहित क्षेत्र में करीब सैकड़ों से अधिक ऑटो सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इनमें से अधिकांश के पास ट्रैफिक मानकों का पालन नहीं कर रहे है।

#### ताक पर ऑटो रिक्शा नियम

नगर के बस स्टैंड शहर के मेन बाजार से गुजरने वाली मुख्य सड़क तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों में सवारियों को ढोने वाले ऑटो रिक्शा नियमों को ताक पर रखकर लोगों के लिए असुविधा का कारण बन रहे हैं। गौरतलब है कि क्षेत्र में काफी संख्या में ऑटो रिक्शा है जो की प्रतिदिन लोगों को इधर से उधर लाने वा ले जाने का काम करते हैं। उक्त ऑटो रिक्शा ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर लोगों की जान की परवाह किए बगैर सड़कों पर मौत बन घूम रहे हैं। एक दूसरे से पहले व ज्यादा सवारी बैठाने की होड़ में ऑटो चालकों का लड़ना झगड़ना आम बात है। क्षमता से अधिक सवारिया बैठाकर ये कानून के साथ-साथ सवारियों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ग्रामीण मार्ग पर चलने वाले वाले ऑटो, मैजिक में 10 से 20 सवारी ढोई जा रही हैं, वहीं मैक्स वाहनों में अंदर और छतों पर बैठाकर वाहन चालक सवारियों को ढो रहे हैं। चालकों को न तो अपनी जान की कोई परवाह है और न ही सवारियों की।

## भक्ति में शक्तिः भक्ति के आगे झुके गुरु भगवान

### भक्ति और गुरु-शिष्य परंपरा का अद्भुत उदाहरण



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम में एक हृदयस्पर्शी घटना देखने को मिली, जब आश्रम के संस्थापक तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज को उनके परम शिष्य रमेश अग्रवाल ने भक्ति भाव से एक वैनिटी वैन (मर्सिडीज कंपनी की गाड़ी) भेंट स्वरूप प्रदान की। प्रारंभ में बाबा ने इसे स्वीकार करने से विनम्रतापूर्वक इनकार कर दिया, लेकिन अपने शिष्य के प्रेम, श्रद्धा और भक्ति के आगे अंततः वे झुक गए और वाहन में बैठने के लिए सहमत हो गए।

शिष्य का समर्पणः रमेश अग्रवाल जी ने यह उपहार बाबा के प्रति अपने गहन प्रेम और निःस्वार्थ भक्ति भाव के प्रतीक स्वरूप भेंट किया। गुरु का आशीर्वादः बाबा कल्याण दास महाराज ने अपने शिष्य को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया और कहा कि "सच्ची भक्ति वही है जिसमें कोई अपेक्षा नहीं होती। यह प्रसंग गुरु-शिष्य संबंधों की अमिट परंपरा का जीवंत उदाहरण है। यह दर्शाता है कि सच्ची भक्ति और समर्पण में इतनी शक्ति होती है कि स्वयं गुरु भी अपने शिष्य के प्रेम से अभिभूत हो उठते हैं। इस प्रकार अमरकंटक के श्री कल्याण सेवा आश्रम में घटित यह घटना, भक्ति, विनम्रता और आध्यात्मिकता का सजीव संदेश देती है कि जहाँ भक्ति होती है, वहाँ स्वयं भगवान भी झुक जाते हैं।

### जिले में 9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 6.1 मिलीमीटर, कोतमा में 11 मिलीमीटर, बिजुरी में 27.2 मिलीमीटर, वेंकटनगर में 14 मिलीमीटर, पुष्पराजगढ़ में 5.8 मिलीमीटर तथा बेनीबारी में 7.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षा मापी केंद्र जैतहरी तथा अमरकंटक में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

## आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी : विधायक

### भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता एवं सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प यह एक नारा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है यह हमारे भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आवाहन है कि हम अपने देश में बने उत्पादों को अपनाए, अपनी संस्कृति को गले लगाए, और अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करें। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र है, हमारा लक्ष्य है, और हमारी शक्ति है।

हमारे देश के कारीगरों, हमारे किसानों, हमारे छोटे व्यापारियों, और हमारे उद्यमियों के प्रति एक सम्मान है। जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो हम अपने देश की मिट्टी से जुड़ते हैं अपने लोगों की मेहनत को सम्मान देते हैं और अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हैं। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री जय सिंह नगर की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने 12 अक्टूबर को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह उपस्थित रहे।

#### स्वदेशी हमारी आत्मा का हिस्सा

भाजपा प्रदेश मंत्री जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं है यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय अब अपनी जड़ों को पहचान रहे हैं दुनिया में योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प, परंपरागत उद्योग, यह सब आज वैश्विक पहचान बन चुका है। देश से स्थापित कुछ संस्थाओं ने स्वदेशी को बढ़ावा देने में निरंतर अपना योगदान दिया स्वतंत्रता के बाद भारत ने पश्चिमी विकास मॉडल और आयात पर निर्भर मिश्रित अर्थव्यवस्था अपनाई जिससे स्थानीय उद्योग कमजोर हुए और विदेशी निर्भरता बढ़ी तभी वर्ष 1964 में दंत्तोपंत ठेंगड़ी ने स्वदेशी चेतन को पुनर्जीवित किया उन्होंने सिखाया आर्थिक आत्मनिर्भरता की सुरक्षा है भारतीय उद्योग और श्रमिक हमारी ताकत हैं और अंध परिश्रमीकरण से हमें सावधान रहना है उन्होंने स्वदेशी प्रौद्योगिकी कृषि और लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर यह दिखाया कि हमारा विकास हमारे हाथ में है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए जब तक यह स्वदेशी नहीं होगी ना तो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर सकती है और ना ही न्याय की गारंटी दे सकती है आज भाजपा सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्टअप इंडिया वोकल फार लोकल से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक का हर पहल लक्ष्य यही है कि हम विदेशी निर्भरता कम करें और स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

#### स्वदेशी संकल्प पर सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रेस वार्ता के उपरांत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में अनूपपुर विधानसभा का आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प सम्मेलन का आयोजन मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री जयसिंह नगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रामदासपुरी जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह श्याम नारायण शुक्ला की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्रीमती मनीषा सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को केंद्र की मोदी सरकार एवं मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन सरकार के द्वारा आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प की दिशा में किया जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया और सभी से अपील किया कि सभी लोग स्वदेशी अपनाएं और भारत को स्वावलंबी बनाएं।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।



पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा पुलिस द्वारा अप.क्र. 441/2025 धारा 64(1),332(इ), 351(3) बीएनएस एवं 3,4 पाक्सो एक्ट के आरोपी धर्मेन्द्र चौधरी पिता रामलखन चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी चकौडिया थाना जैतपुर जिला शहडोल के द्वारा पीडिता कुमार सियावती (परिवर्तित नाम) राम प्रसाद रैदास उम्र 17 वर्ष निवासी छोहरी थाना भालूमाडा के साथ शादी की झांसा देकर पीडिता के साथ (गलत काम) बालात्कार करना जो पीडिता/फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना भालूमाडा में अपराध पंजीबद्ध कर अपराध की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरी. संजय खलखो की नेतृत्व में तत्काल नाबालिग लड़की के साथ घिनौना कृत्य दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया। उक्त कार्य मे थाना प्रभारी भालूमाडा निरीक्षक संजय खलको, उपनिरीक्षक डी.एस. बागरी, सहायक उपनिरीक्षक रविशंकर गुप्ता, चन्द्रहास बांधेकर, आरक्षक शुभम तिवारी, धर्मेन्द्र यादव, महिला आरक्षक सुप्रिया त्रिपाठी की रही

## विकास कार्यों का नवागत जिपं सीईओ ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिला पंचायत अनूपपुर की नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत हर्राटोला, लखौरा, हर्रई, खाटी, गढ़ीदादर आदि पंचायतों का भ्रमण कर प्रगतिरत प्लांटेशन एक बगिया मां के नाम के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा भी की व पौधारोपण भी किया। नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थलों में किये गये प्लांटेशन का भी मौका मुआयना कर जायजा लिया गया। उन्होंने भ्रमण के दौरान सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया साथ ही जनमन आवासों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की,खाटी ग्राम पंचायत में निर्मित जनमन आंगनवाड़ी का निरीक्षण कर जिपं सीईओ ने आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश पाण्डेय तथा जनपद के एपीओ वरुणेंद्र सिंह बघेल मौजूद थे।

## गंगा पटेल के असिस्टेंट प्रोफेसर बनने से हर्ष

हरिभूमि न्यूज कोतमा



जनपद पंचायत कोतमा में पदस्थ उबेराज पटेल की पुत्री गंगा पटेल का चयन एमपीपीएससी के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसर मे हो गया है। उनकी इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने बधाई दी है। गंगा पटेल ने बताया कि यह उपलब्धि उनके लगातार मेहनत और गुरूजनों तथा माता पिता के आर्शीवाद से मिली है, हालांकि इसके पीछे उनकी लगन, कड़ी मेहतन और किस्मत भी रही है।

## सड़क निर्माण एजेंसियो के साथ संयुक्त बैठक संपन्न

### चिन्हित ब्लैक स्पॉट के सुधार और निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



सडक दुर्घटनाओं के रोकथाम तथा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिए गए निर्देश के परिपेक्ष्य में थाना यातायात अनूपपुर में शनिवार को सभी सड़क निर्माण एजेंसी के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में आरटीओ अनूपपुर सुरेंद्र गौतम, यातायात प्रभारी विनोद दुबे सहित सड़क निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत चिन्हित ब्लैक स्पॉट में सुधार कार्य की समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और भविष्य में दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए बैठक में चिन्हित ब्लैक स्पॉट के सुधार संबंधी वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा बताया गया कि चिन्हित 30 स्थलों में से तीन स्थलों पर कार्य प्रगति पर है। नगर पालिका अनूपपुर द्वारा बताया गया कि चार चिन्हित कार्यों में से तीन कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं एक शेष है जो जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि चिन्हित दो स्थलों पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। नेशनल हाईवे के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि चिन्हित 20 स्पॉटों में से 8 स्पॉटों पर कार्य प्रगति पर है। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी सड़क निर्माण विभागों को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने और कार्य की नियमित प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराने की बात कही है।

## सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम का प्रथम चरण का किया गया चयन ट्रायल



**शहडोल।** सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने बताया कि जिला फुटबाल संघ शहडोल के तत्वाधान में जिले की सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम का प्रथम चरण चयन ट्रायल विचारपुर (मिनी ब्राज़ील) बिरसा मुंडा फुटबॉल मैदान में किया गया। जिसमें जिले से 45 खिलाड़ियों ने सहभागिता निभाई। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण की चयन ट्रायल फुटबॉल प्रतियोगिता 15 अक्टूबर 2025 को समय 11 से विचारपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित की जाएगी। फाइनल चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी, जिले की टीम से 23 अक्टूबर 2025 से अनूपपुर जिले में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मध्यप्रदेश के जिलों को 4 जोन में बांटा गया है, शहडोल जोन में सिंगरौली, सतना, दमोह, जबलपुर, रीवा ,सागर, अनूपपुर, को रखा गया है ,इसमें से विजेता,उप विजेता टीम फाइनल राउंड में खेलेगी, 4 जून से कुल 8 टीम फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के लिए खेलेंगी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)**
राजस्व प्रकरण क्रमांक/अपील/
दिनांक 30.09.2025
**इश्तहार/उद्घोषणा**
**राजस्व मामले में नोटिस**
मामले का विषय:-00128/अपील/25.26
सुरेन्द्र सिंह चतुर्वेदी पिता वंशपति सिंह चतुर्वेदी निवासी देंवगवा तहसील कोतमा.........अपीलार्थी
बनाम
1. रामरंजीत पाण्डेय पिता देवनाथ पाण्डेय 2. शांति पति बाबूराम पाण्डेय 3. विनोद पिता बाबूराम पाण्डेय, 4. मनोज पिता बाबूराम पाण्डेय 5 सुषमा पिता बाबूराम पाण्डेय सभी निवासी देंवगवा तहसील कोतमा.............उत्तरवादी गण
को जरिये सूचना पत्र नोटिस जारी किया जाकर सूचित किया जाता है कि उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 16.10.2025 को नियत है ।
अत एव आप दिनांक 16.10.2025 को समय 11 बजे न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोतमा जिला अनूपपुर के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। सूचना प्राप्त होने तथा, नियत समय में उपस्थित न होने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।
(अजीत तिर्की) उपखण्ड अधिकारी
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)